केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation under the Ministry of Education, Govt. of India)

CBSE/Coord/IPS/Practical/2022 29.12.2022

सीबीएसई से संबद्ध
सभी विद्यालयों के प्रमुख
(सीबीएसई वेबसाइट के माध्यम से)

विषय: **टर्म-II परीक्षा, 2021-22 की प्रैक्टिकल परीक्षाओं/परियोजना आकलन के संचालन के संबंध में भुगतान के लिए एकीकृत भुगतान प्रणाली (आईपीएस)।**

महोदय / महोदया,

बोर्ड ने सत्र 2021-22 के लिए प्रैक्टिकल बाह्य परीक्षकों, प्रेक्षकों और स्कूल के निर्धारित पारिश्रमिक के भुगतान के लिए एकीकृत भुगतान प्रणाली (आईपीएस) शुरू की है। इस प्रणाली की निम्नलिखित विशेषताएं हैं:-

1. इस प्रणाली के छह मॉड्यूल हैं:
   - क) प्रैक्टिकल बाह्य परीक्षक खाता विवरण
   - ख) प्रेक्षक खाता विवरण
   - ग) प्रेक्षक परीक्षा तिथियां
   - घ) स्कूल खातों का विवरण
   - ङ) फ्रीज रिपोर्ट
   - च) अंतिम रिपोर्ट
2. भुगतान की गणना प्रणाली द्वारा स्वचालित रूप से की जाएगी।
3. अधिकांश विवरण परीक्षाओं के आयोजन के समय विद्यालयों द्वारा प्रस्तुत की गई जानकारी से लिया जाएगा।
4. भुगतान विद्यालय, प्रेक्षक और बाह्य परीक्षक के व्यक्तिगत खाते में निर्गत किया जाएगा।

पिछले आईपीएस से अलग इस प्रणाली के सर्वोत्तम उपयोग के लिए निम्नलिखित का अनुरोध किया जाता है:-

क. आईपीएस की उपयोगकर्ता नियमावली को पढ़ें और भरने के लिए आवश्यक स्तम्भ/स्थान नोट कर लें।
ख. इसी आधार पर, आँकड़े एकत्र करें और इसकी जांच करें और यह सुनिश्चित करें कि भरा गया डेटा सही है।
ग. कृपया सुनिश्चित करें कि बैंकों के पूर्व में विलय के अनुसार सभी IFSC कोड सही हैं।
घ. एक बार जब बैंक द्वारा भुगतान विद्यालय और बाह्य परीक्षकों/पर्यवेक्षकों के खातों में डाल दिया जाता है, तो विद्यालय सफल और असफल भुगतानों के बारे में जानकारी एकत्र करेगा। **अस्वीकृत** और **विफल** भुगतानों के मामले में, स्कूल संबंधित पदाधिकारियों से संपर्क करेंगे और अपने खातों में लॉग इन करके आईपीएस में वांछित और दर्शाए गए डेटा को तुरंत अद्यतन करेंगे।

एक बार संतुष्ट होने के बाद कि डेटा सही है, वह जानकारी आईपीएस में भरी जा सकती है। लागू दरें स्वत: भर जाएंगी। हालांकि, दरों का विवरण आईपीएस मॉड्यूल में ही उपलब्ध है। एक बार डेटा भरने के बाद, सीबीएसई ऑटोमोटिव मोड में भुगतान निर्गत करना शुरू कर देगा। प्रैक्टिकल परीक्षाओं के लिए आईपीएस के बाद, सीबीएसई मूल्यांकन के लिए भी भुगतान करना शुरू करेगा।

सभी विद्यालयों को निर्देश दिया जाता है कि इस पत्र के जारी होने की तिथि से एक माह की अवधि के भीतर यह कार्य पूर्ण कर लें।

हस्ता/-
(डॉ. संयम भारद्वाज)
परीक्षा नियंत्रक

प्रति-वेब प्रबंधक को सीबीएसई वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए अनुरोध सहित।

"शिक्षा केन्द्र", 2, सामुदायिक केन्द्र, प्रीत विहार, दिल्ली-110092
"SHIKSHA KENDRA" 2, COMMUNITY CENTRE, PREET VIHAR, DELHI-110092
Phone (off.) : 011-22509256-59, 22041807-08, Website: www.cbse.gov.in, www.cbse.nic.in